संख्या–cm-554
10/12/2022

# मुख्यमंत्री ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने पर श्री ईशान किशन को बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 10 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारत की ओर से बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने पर बिहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्री ईशान किशन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि श्री ईशान किशन के इस शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ बिहार बल्कि पूरा देश गौरवान्वित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेट के प्रति जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज श्री ईशान किशन को इस मुकाम पर पहुँचाया है। श्री ईशान किशन के इस प्रदर्शन से राज्य के दूसरे खिलाड़ी भी प्रेरणा लेंगे।

******